# Project - फेफड़े (Lungs)

Date: 
Page No.

**object** - फेफड़े का मॉडल तैयार करना।

## पूर्व अपेक्षित जानकारी - (Prerequisite knowledge)

फेफड़ा श्वसन का मुख्य अंग होता है। जो वक्ष गुहा में हृदय के इधर-उधर स्थित होता है। ये कोमल, लचीले तथा कत्थई रंग का होता है। फेफड़ों के चारों ओर पतली, दोहरी झिल्ली पायी जाती है। जिसे फुफ्फुस गुहा कहते हैं। दोनों झिल्लियों के मध्य लसदार तरल भरा रहता है। जो फेफड़ों की सुरक्षा करता है। फेफड़ों की संख्या दो होती है। दाहिना फेफड़ा बायें फेफड़े की अपेक्षा कुछ बड़ा होता है। दायाँ फेफड़ा तीन पिण्डों में बँटा रहता है। जबकि बायां फेफड़ा दो पिण्डों में बँटा रहता है।

# मनुष्य का पाचन तन्त्र
# (Digestive system of man)

Date: / /
Page No.

**Object** → मनुष्य के पाचन तन्त्र का मॉडल तैयार करना।

## पूर्व आपेक्षिक जानकारी → (Prerequisite knowledge)

— मनुष्य मे अन्य जन्तुओं की अपेक्षा पाचन तन्त्र अधिक विकसित होता है। भोजन का अन्तर्ग्रहण, पाचन, अवशोषण तथा मल त्याग आदि क्रियायें पाचन तन्त्र द्वारा सम्पन्न होती है। आहारनाल और उससे सम्बन्धित पाचक ग्रन्थियाँ सम्मिलित रूप से पाचन तन्त्र बनाती है। मनुष्य मे एक लम्बी नली के रूप मे आहारनाल पायी जाती है। जिसके विभिन्न भागों मे अलग - अलग भोज्य पदार्थों का पाचन होता है। पाचन तन्त्र का मुख्य कार्य भोजन को पचाकर शरीर के लिये उपयोगी बनाना है।